काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
BANARAS HINDU UNIVERSITY
Established by Parliament by Notification No. 225 of 1916

परीक्षा नियंता कार्यालय
Office of the
CONTROLLER OF EXAMINATIONS

गोपनीय रद्दी कागजों की बिक्री हेतु निविदा दस्तावेज तथा नियम एवं शर्तों का प्रपत्र

अधोलिखित गोपनीय परीक्षा सामग्रियों की बिक्री एवं उन्हें सीधे पल्पिंग मिल में भेज कर नष्ट करने हेतु पल्पिंग मिलों अथवा रद्दी कागज के थोक व्यापारियों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है :

क्रम सं0	सामग्री	अनुमानित भार (कुन्तल में)
1.	परीक्षा में प्रयुक्त हो चुकी उत्तर पुस्तिकाएं	50
2.	प्रवेश परीक्षाओं की प्रश्न पुस्तिकाएं	15
3.	प्रवेश परीक्षा में प्रयुक्त हो चुकी ओ.एम.आर.सीट्स	05
4.	स्वीपिंग मैटिरियल	15

आवश्यक सूचनाएं :–

- कृपया निविदा संलग्न प्रारूप में ही भरें।
- मुहरबंद निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 15.07.2016 सायं 5:00 बजे तक है।
- निविदा खुलने की तिथि 16.07.2016 प्रातः 11:30 बजे।

नियम एवं शर्तें :–

1. दर प्रति क्विंटल में दें।
2. निविदा के साथ (i) धरोहर राशि (अर्नेस्टमनी) रू0 10,000/– का डिमान्ड ड्राफ्ट परीक्षा नियंता, का0हि0वि0वि0 के पक्ष में तथा (ii) अद्यतन वैध आयकर/व्यापारकर पंजीयन प्रमाण की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. निविदा स्वीकृत होने की दशा में जमानत राशि रू0 50,000/– किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत माँग ड्राफ्ट (डिमाण्ड ड्राफ्ट) जो "परीक्षा नियंता, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय" के पक्ष में वाराणसी में देय हो, निर्धारित समय सीमा में जमा करना होगा। इसे यथा समय जमा न करने पर निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी।
4. कार्यालय के दो अधिकृत कर्मचारियों का (जिन्हें गोपनीय सामग्री के साथ मिल तक भेजा जायेगा) विश्वविद्यालयीय नियमानुसार मार्ग व्यय व भत्ता भी निविदादाता को वहन करना होगा।
5. यदि थोक व्यापारी निविदा जमा कर रहे हैं तो वे इस प्रकार की सामग्री खरीदने के संबंध में उपलब्धि के प्रशंसा/प्रत्यय पत्र तथा संभावित पल्पिंग मिल का पता अवश्य प्रस्तुत करें।
6. लिफाफे के ऊपर सामग्री का नाम तथा निविदा दाता अपना नाम व पता अंकित करके भेजें।
7. अपूर्ण निविदा रद्द कर दी जायेगी।
8. निविदादाता रद्दी कागज क्रय हेतु एक वर्ष की अवधि तक सूचीबद्ध रहेंगे।
9. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये आंशिक अथवा पूर्ण रूप से निविदायें निरस्त करने का अधिकार है।
10. **सभी प्रकार के कर जमा करने की दायित्व निविदा दाता की ही होगी।**

परीक्षा–नियंता

BHU
capital of knowledge

Varanasi 221005
T : 91-542-2368466, 2307255
F : 91-542-2368404
E : coe@bhu.ac.in
W : www.bhu.ac.in

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
BANARAS HINDU UNIVERSITY
Established by Parliament by Notification No. 225 of 1916

परीक्षा नियंता कार्यालय
Office of the
CONTROLLER OF EXAMINATIONS

सेवा में,
परीक्षा नियंता,
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
वाराणसी – 221 005

विषय : *गोपनीय परीक्षा सामग्री की बिक्री हेतु निविदा सूचना।*

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में प्रत्येक सामग्री की **अधिकतम दरें** निम्नांकित हैं :

क्र0सं0	सामग्री	दर (प्रति क्विंटल)	संभावित पल्पिंग मिल का नाम /पता
1.	परीक्षा में प्रयुक्त हो चुकी उत्तर पुस्तिकाएँ		
2.	प्रवेश परीक्षाओं की प्रश्न पुस्तिकाएँ		
3.	प्रवेश परीक्षा में प्रयुक्त हो चुकी ओ.एम.आर. सीट्स		
4.	स्वीपिंग मैटिरियल		

मैं /हम इस निविदा के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न कर रहा हूँ /रहे हैं :–

1. धरोहर राशि (अर्नेस्ट मनी) रू0 10,000/– डिमान्ड ड्राफ्ट संख्या.................................. दिनांक................................शाखा..
2. उपलब्धि के प्रशंसा/प्रत्यय पत्र
3. अन्य यदि कोई हो :

मैं/हम यह घोषणा करता हूँ /करते हैं कि मैंने/हमने निविदा प्रपत्र सं0........................ में उल्लिखित नियम व शर्तें पढ़ तथा समझ लिये हैं तथा सभी नियम व शर्तें मुझे/हमें स्वीकार हैं।

हस्ताक्षरः

नामः

फर्म का नामः

पताः

BHU
capital of knowledge

Varanasi 221005
T : 91-542-2368466, 2307255
F : 91-542-2368404
E : coe@bhu.ac.in
W : www.bhu.ac.in